सार-समाचार

व्यवस्थाओं को दिया अतिम रूप

गंगापुर सिटी । मॉ गुमानों बीजासनी देवी सेवा समिति गंगापुर सिटी की कार्यकारिणी व संरक्षक मण्डल की बैठक रविवार को दोपहर 12 बजे पुरानी अनाज मण्डी स्थित कार्यालय पर समिति अध्यक्ष महेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारम्भ मां जगदम्बे के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। 24 मार्च को गंगापुर सिटी से माता रानी के भक्त करणपुर धाम के लिए बसो से प्रस्थान करेंगे जहां मां गुमानो यात्री निवास में भव्य नवरात्रा महोत्सव व भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। बैठक में महोत्सव एवं भण्डारे की व्यवस्थाओ पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया। साथ ही मातारानी के भक्तो से अधिक से अधिक संख्या में करणपुर चलने का आग्रह किया। बैठक में धर्मशाला निर्माण सहित अन्य पहलुओ पर चर्चा हुई। वहीं समिति के चुनाव कराने हेतु 7 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया। जो माता रानी के भक्तो से सम्पर्क कर समिति का मार्ग दर्शन करेंगे। साथ ही सर्व सम्मत पदाधिकारियो व कार्यकारिणी का गठन की दिशा में लोगो से सम्पर्क करेंगे। बैठक में वैशाख के महिने में आयोजित होने वाले माता रानी के मेले व भण्डारे की व्यवस्थाओ को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सभी ने एक जुटता दिखाते हुए माता रानी के कार्य में जुटी समिति के ओर द्वारा ओर अच्छा कार्य करने की सभी ने सहमति जताई। बैठक में अध्यक्ष महेश शर्मा, महामंत्री गोपाल सोनी, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद गुप्ता, मंत्री पप्पू गुरु, कोषाध्यक्ष श्याम रोधई, पूर्व अध्यक्ष कमलेश शर्मा, कैलाश चंद्र सैमरदा, ओम प्रकाश कैशियर, मुरारीलाल पंडित, शिवचरण एलआई, दिनेश धौलेटा, हरिचरण गुप्ता प्रिसिंपल, दिनेश चूडी, मुकेश लाइट, सतीश गुप्ता, उमेश शर्मा, घनश्याम सैमरदा, विष्णु करणपुर, राजेन्द्र भरतुन, विष्णु चौबे, धर्मेन्द्र राजावत, ओमप्रकाश एसडीआई, रमेश गुप्ता मांच सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य मोजूद थे।

दिया आमंत्रण

भुसावर भरतपुर (निस)। कस्बा भुसावर के प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी महाराज मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन की तैयारियां पूरे जोश के साथ की जा रही हैं। वहीं 26 मार्च को निकलने वाली भव्य रथ शोभायात्रा को लेकर पीले चावलों का वितरण किया गया। मंदिर महंत रोहित शर्मा डब्बू जती ने बताया कि रामनवमी पर्व को लेकर मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को भुसावर के मुख्य बाजार में पीले चावल वितरित कर नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर धनेन्द्र पाण्डेय, प्रवोद सोनी, टीटू जांगिड, शुभम अठावाल, कान्हा, रवि घट्टर सहित कई भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

सांस्कृतिक संध्या 13 को

भरतपुर (निस)। भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की तैयारी में मिनी सचिवालय के सामने अम्बडेकर भवन पर संयोजक राजकुमार पप्पा की अध्यक्षता में हुई। तैयारी बैठक में संयोजक राजकुमार पप्पा ने बताया कि इस वर्ष सीाग स्तर पर भारतरत्न अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जावेगी। कमेटी गठित कर दी गई है। संयोजक राजकुमार पप्पा ने बताया कि अम्बेडकर जयंती पर होने वाले दो दिवसीय काय्रक्रम 13 अप्रेल 2026 को मिनी सचिवालय के सामने संविधान पार्क में "एक शाम बाबा साहब के नाम" सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जावेगा जिसमें मशहूर कव्वाल बुलाये गये हैं जो बाबा साहब के जीवन पर कव्वाली प्रस्तुत करेंगे, 13 अप्रेल को होने वाले कव्वकाली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार होंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गृह राज्य मंत्री राज0 सरकार जवाहर सिंह बेढम तथा केवीनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश रावत, भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, डॉ. सुरेश यादवककक, प्रो0 अरविन्द वर्मा होंगे तथा अध्यक्षता भरतपुर लोकसभा की सांसद संजना जाटव करेंगी। सं्योजक राजकुमार पप्पा ने बताया कि दिनांक 14 अप्रेल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की शोभायात्रा बैण्ड बाजों के साथ धूमधाम के साथ दोपहर तीन बजे से हीरादास सर्किल से पूर्व केवीनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। जो बैण्ड बाजों के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में कुम्हेर गेट, कोतवाली बाजार, गंगा मंदिर, बिजलीघर होते हुए मिनी सचिवालय के सामने संविधान पार्क में सभा के रूप में परिवर्तित हो जायेगी जहां झांकियों को जिला प्रशासन के अधिकारी कलक्टर, पुलिस अधीक्षक आदि द्वारा सम्मानित किया जावेगा। सं्योजक राजकुमार पप्पा ने बताया कि 13 व 14 अप्रेल को बाबा साहब अम्बेडकर जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों के लिये सरकार की तरफ से हर वर्ष की भांति इस बार भी संविधान पार्क में टेंट, कुर्सी, फूल माला, माईक आदि की व्यवस्था की जावेगी। तथा प्रत्येक मौहल्ले/कोलोनीवासी अपने अपने यहां से अपने स्तर पर बाबा साहब की झांकियां बैण्ड वाजों के साथ निकालते हैं तथा अम्बेडकर जयंती के नाम पर अम्बेकडकर जयंती समारोह समिति किसी से कोई चंदा या सहयोग राशि नहीं ले रही है। कोई भी अम्बेडकर जयंती के नाम पर कोई चन्दा नहीं दें। अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की जानकारी में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व चंदा उघा कर समिति को बदनाम कर रहे हैं। कोई भी भाई अम्बेडकर जयंती के नाम पर चंदा नहीं दे, जो तथाकथित असामाजिक तत्व अम्बेडकर जयंती के नाम पर चंदा बसूली कर रहे हैं उनके खिलाफ समय रहते कार्यवाही की जावेगी। बैठक में महंत मन्नूदास महाराज, रतन सिंह फौजी कोषाध्यक्ष, हरीचरन नागर, रोशन मास्टर, प्रेम सिंह ठेकेदार, सुमित, पंकज, कैलास सारवान, सम्मी पार्षद, भंवरी राम कोली, विश्वेन्द्र आदि उपस्थित थे।

प्योर इंडिया ट्रस्ट को मिला 'देसी धाकश सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड

करौली। मुंबई स्थित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया कार्यालय में आयोजित 'देसी धाकड सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2026' समारोह में करौली के प्योर इंडिया ट्रस्ट को राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।यह पुरस्कार संगठन द्वारा सामाजिक उद्यम इनक्यूबेशन, उद्यिमता प्रशिक्षण एवं माइक्रो-एंटरप्राइज के माध्यम से वित्तीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। ट्रस्ट अब तक 7,000 महिलाओं को उद्यमी बना चुका है और वर्ष 2030 तक 25,000 महिलाओं को उद्यमी बनाने के लक्ष्य पर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर संस्थापक मेधा नरुका को उनके नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार महिला नेतृत्व वाले संगठनों को नवाचार और समावेशी विकास के लिए दिया जाता है। समारोह में सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल ने बताया कि यह सम्मान संगठन के सोशल स्टॉक एक्सचेंज में शामिल होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट शीघ्र ही देश की चुनिंदा 25 संस्थाओं में शामिल होने जा रहा है।

रामनवमी पर निकलेगी विशाल शोभायात्रा

करौली। रामनवमी के अवसर पर 26 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे माथुर स्टेडियम से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। सकल हिन्दू समाज एवं आयोजन समिति ने प्रकाश होटल में प्रेस वार्ता में बताया कि यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल पर समाप्त होगी। समिति में देवीसिंह राजपूत, केशर सिंह नरूका, विपिन शर्मा, रामखिलाड़ी मीना (संयोजक), ओमप्रकाश गुप्ता, शेरसिंह बैंसला (अध्यक्ष), राजेंद्र व्यास (उपाध्यक्ष), आशीष कौशिक (सचिव) सहित कई सदस्य शामिल हैं। यात्रा में 15 घोड़े, 9 सजीव झांकियां और लगभग 5000 महिला-पुरुष भाग लेंगे। महिलाओं की विशेष भागीदारी रहेगी।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ने निकाली धर्म यात्रा

गंगापुर सिटी । दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के तत्वावधान में रविवार सुबह धर्म यात्रा का आयोजन किया गया। आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत स्थानीय जिनालयों की वंदना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दिगंबर जैन मंदिर नसियां में जिनेन्द्र भगवान की वंदना के साथ हुई। सभी दंपती सदस्य पचरंगी ध्वज के साथ नसियां से आदिनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। समाज के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष सतीश जैन पांड्या और अध्यक्ष प्रवीण जैन गंगवाल ने झंडी दिखाकर धर्म यात्रा को रवाना किया। भगवान महावीर की जय-जयकार करते हुए सभी सदस्य अपने-अपने वाहनों पर सवार होकर शहर के मुख्य मार्गों- चूली गेट, गर्ल्स स्कूल, महेश टॉकीज होकर निकाली।

'प्रशिक्षण से भाजपा कार्यकर्ताओं में विचारधारा और अनुशासन मजबूत होता है'

■ थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धा व उल्लास से निकली सवारी

नदबई भरतपुर (निस)। नदबई में उपाध्याय पाड़ा स्थित भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय भरतपुर प्रशिक्षण महाअभियान द्व 2026 के तहत प्रदेश में मंडल स्तर पर कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित कर रही है। इसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक संरचना को मजबूत करना और उन्हें वैचारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। 7 मार्च से शुरू हुई ये कार्यशालाएं विभिन्न मंडलों में आयोजित की जा रही हैं, जहां प्रशिक्षित वरिष्ठ पार्टी नेता दो दिनों तक चलने वाली 24 घंटे की कार्यशालाओं में पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए सत्र संचालित कर रहे हैं। इस संदर्भ में, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी द्वारा विधानसभा क्षेत्र नदबई के शहर मंडल नदबई की आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी,प्रशिक्षण वर्ग में वर्ग प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर गौड़, सहप्रभारी सुंदर सिंह, मुख्य वक्ता प्रेम कपूर, मुकेश सिंहल, जिला प्रवक्ता अनुराग तमरौली एवं मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने अलग अलग सत्रों के माध्यम से संगठन के बारे में विस्तार से चर्चा कर पार्टी की रीति नीतियों के बारे में अवगत कराया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए गिरधारी तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करने के लिए पार्टी की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक अनुशासन और प्रभावी संचार कौशल से लैस करना है ताकि वे जनता के बीच अधिक कुशलता से काम कर सकें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन, विशेष रूप से अंत्योदय की अवधारणा, भाजपा का मार्गदर्शक सिद्धांत बना हुआ है और पार्टी कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनता से जुड़े रहने और सरकार की विकास पहलों को सक्रिय रूप से उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्याम सुंदर गौड़ ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएँ एक मजबूत और अनुशासित कार्यकर्ता आधार बनाने में सहायक होती हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा और कल्याणकारी नीतियों को हर घर तक पहुँचाने का आठाह किया। सुंदर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने और प्रभावी लोक सेवा के लिए वैचारिक प्रशिक्षण और संगठनात्मक जागरूकता आवश्यक है। वक्ता मुकेश सिंहल एवं प्रेम कपूर द्वारा पार्टी की कार्य पद्धित एवं कार्य विस्तार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिला प्रवक्ता अनुराग तमरौली ने बूथ प्रबंधन के विषय में विस्तार से अवगत कराया। रोहित उपाध्याय ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को और अधिक ऊर्जावान बनाएगा और विभिन्न संगठनात्मक स्तरों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश सिनसिनवार, सहसंयोजक बबलू सोनी,अशोक उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष विजय शर्मा, विनीत गुप्ता, धर्मेन्द्र भातरा, मुकेश अठावाल,पूरन रौतवार, लाई भईया , संदीप देशवाल, सुनील गुप्ता, श्याम सुंदर जाटव, अलीमुद्दीन, गोविंद शर्मा, राजवीर सिंह, विशम्बर शर्मा, त्रिलोक शर्मा, मनोज कृष्ण शास्त्री, हरीश गोयल,प्रेम बिहारिया, प्रकाश मोरदानी, रघुनंदन उपाध्याय, गोपाल कोली, सुरेश जौहरी, भरत कमांडो, धर्मेन्द्र चौधरी, रणधीर सिंह, विष्णुदत्त शर्मा सहित सभी सात सत्रों के वक्ता, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता और पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

विभिन्न विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुरके निर्देशानुसार लक्ष्मण मंदिर चौक, जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, भरतपुर एवं पुलिस चौकी, रेल्वे कॉलोनी, भरतपुर पर विधिक साक्षरता षिविरों का आयोजन किया गया। षिविर में पैरा लीगल वॉलिंटियर, भरतपुर प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा उपस्थित जनसमुदायको विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण, व्यर्थ जल नहीं फैलाना, जल की उपयोगिता, पानी कैसे बचाया जाए, जल है तो कल है की उपयागिता पर प्रकाश डाला। साथ ही पानी की हर बूंद की कीमत समझना, पानी को बचाकर जीवन को सुरक्षित बनाना मानव देह का कार्य है आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही उन्होने जनजातीय लोगों के अधिकार, अनुसूचित जाति/जनजाती आदि।

कार्यशाला में करौली के श्रमिकों की समस्याओं पर मंथन

■ कार्यशाला का शुभारंभ स्वागत एवं संदर्भ प्रस्तुतीकरण से हुआ। स्टेट हेड सिओल किंगोरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं अपेक्षित परिणामों पर प्रकाश डाला। संचालन प्रोठाम ऑफिसर संगीता टेटे ने किया। मुख्य क्रियान्वयक दिनेश कुमार बैरवा, जोधपुर

जयपुर। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा एवं उनकी सामूहिक आवाज़ को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया जयपुर द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला प्रतिनिधियों, महिला श्रमिकों, यूनियन नेताओं एवं सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यशाला का शुभारंभ स्वागत एवं संदर्भ प्रस्तुतीकरण से हुआ। स्टेट हेड सिओल किंगोरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं अपेक्षित परिणामों पर प्रकाश डाला। संचालन प्रोग्राम ऑफिसर संगीता टेटे ने किया। मुख्य क्रियान्वयक दिनेश कुमार बैरवा, जोधपुर समन्वयक रमेश भटनागर एवं जयपुर समन्वयक मूलचंद शर्मा ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से अनुभव, उपलब्धियां और सीख साझा की।

पहले दिन श्रमिकों की स्थिति, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। निर्माण, खदान, कचरा बीनने वाले, शहरी रोजगार योजना और मनरेगा से जुड़े श्रमिकों ने अपने अनुभव साझा किए। करौली से जगदीश जाट ने जिले की समस्याओं को सामने रखा। सेक्टरवार समूह चर्चा के माध्यम से संगठनों को मजबूत करने की कार्ययोजना बनाई गई।

दूसरे दिन समीक्षा प्रस्तुत की गई तथा समाधान पर चर्चा हुई। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की द्वितीय सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पल्लवी शर्मा, सामाजिक न्याय विभाग के अतिरिक्त निदेशक अशोक जांगिड़, सहायक श्रम आयुक्त राजेश मीणा एवं स्टेट हेड सिओन किंगोरी ने विचार रखे। साथ ही जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर एक रिपोर्ट का विमोचन किया गया।

कार्यशाला में 'मजदूर पाठशाला' के ढांचे एवं मॉड्यूल पर भी चर्चा हुई। अंत में प्रतिभागियों ने श्रमिक अधिकारों की रक्षा हेतु सामूहिक कार्य का संकल्प लिया। जयपुर, जोधपुर, बूंदी और करौली सहित कई जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बूडन्दें बाबा मंदिर सूरौठ में मीनेष भगवान जयंती धूमधाम से मनाई

■ विभिन्न झांकियों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा जईएन, बदी पटेल, पीडब्लूआई रूपसिंह मीना, महेश मीना केदार मीना, वकील पांच्या पटेल, मानसिंह मीना, राकेश मीना, गज्जा मीना, राजेश मीना, जीतू मीना, राहुल मीना रिंकू मीना शिवकेश मीना, मगन मीना सहित कई समाज के लोगों द्वारा समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श भी किया गया। समाज के उत्थान, एकता एवं संगठन को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

सूरौठ। कस्बे के लोकप्रिय आराध्य देव बूडन्दें बाबा मंदिर परिसर में मीनेष भगवान की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से की गई। इस दौरान पूरे परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा और पंच पटेलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रेम पटेल, भामाशाह रजनीश मीना, अमरसिंह मीना विश्राम मीना, भयसिंह मीना, हुकम पटेल कंचन मास्टर , सुठीव, वकील मीना, शिवसिंह मीना, मिश्रीलाल पटेल केदार

जईएन, बदी पटेल, पीडब्लूआई रूपसिंह मीना, महेश मीना केदार मीना, वकील पांच्या पटेल, मानसिंह मीना, राकेश मीना, गज्जा मीना, राजेश मीना, जीतू मीना, राहुल मीना रिंकू मीना शिवकेश मीना, मगन मीना सहित कई समाज के लोगों द्वारा समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श भी किया गया। समाज के उत्थान, एकता एवं संगठन को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

कमेटी सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में शाम पांच बजे भव्य शोभायात्रा कों जेएलओ विक्रम मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया शोभायात्रा के साथ बिरसा मुंडा सहित भगवानों कि झांकिया कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया आयोजन को लेकर कस्बे में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

श्री राम जन्मोत्सव भव्य शोभा यात्रा 26 को

भरतपुर (निस)। ब्रजभूमि कल्याण परिषद की महिला इकाई की सम्पर्क बैठक एसटीसी हाउसिंग बोर्ड स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर पर सम्पन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थित सभी महिलाओं ने आगामी 26 मार्च को आयोजित श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में बढचढ कर हिस्सा लेने की बात कही। यह शोभायात्रा कॉलेज ठाउन्ड से प्रारंभ होकर मुख्य बाजारों से होती हुई कुम्हेर गेट पर सम्पन्न होगी। इस सम्पर्क बैठक की अध्यक्षता ब्रजभूमि कल्याण परिषद के प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज ने की। इस बैठक में जिलाध्यक्ष मुरारी लाल एवं परिषद की महिला मोर्चा की अध्यक्ष भुवनेश्वरी दीक्षित भी उपस्थित थी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज ने भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने एवं उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

रक्षा के लिए अनिवार्य पहल

भरतपुर (निस)। अंतराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान प्रशासन द्वारा,राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता कार्यक्रम के अंतर्गत, ठाम वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ पर्यावरण एवं पक्षी विशेषज्ञ दाऊ दयाल शर्मा ने वनों के लाभों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए दुर्लभ वीडियो और स्लाइड के माध्यम से वनो का उपयोग, महत्त्व, आवश्यकता, सुधार के बारे में बताया कि वनों से आक्सीजन और शुद्ध प्रणवायु, जलवायु नियंत्रण, जैव विविधता का आवास, वर्षा प्रबंधन,प्रदुषण नियंत्रण, ओषधिय संसाधन, भोजन और रोज़गार, जल चक्र नियमन,आर्थिक लाभ और आजीविका और मृदा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं. शर्मा ने उपस्थित प्रतिभागियों को वृक्ष संरक्षण और वृक्षारोपण का संकल्प दिलाया, तथा पौधों की पुत्रवत सेवा, स्नेह से पालने का आठाह किया. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान कि सहायक वन संरक्षक भरत लाल वर्मा ने शहरों की तुलना में गाँवो की स्वास्थ्य जीवन चर्या को अपनाने की सलाह दी. तथा केवलादेव कि लाभों की बताया ।

भरतपुर में 45वां लोहागढ़ केसरी दंगल सम्पन्न, मोहित फरीदाबाद बने विजेता

■ मोहित फरीदाबाद लोहागढ केसरी प्रथम - 111000 रू. एक गुर्ज पट्टा, ड्राई फ्रूटस, दीपक नूरपुर भरतपुर लोहागढ केसरी द्वितीय - 51000 रू. एक शील्ड, ड्राई फ्रूट, सतवीर सेह लोहागढ केसरी तृतीय - 15000 रू0 एक शील्ड, रोहित हिसार लोहागढ केसरी चतुर्थ - 10000 रू. एक शील्ड, अनुज हिसार लोहागढ कुमार प्रथम - 51000 रू. एक शील्ड, पट्टा,ड्राई फ्रूट, मनोज परमदरा लोहागढ कुमार द्वितीय - 21000 रू. एक शील्ड व ड्राई फ्रूट भेंट किए

भरतपुर (निस)। भरतपुर जिला कुश्ती संघ इण्डियन स्टील के तत्वावधान में आयोजित राज0 सरकार के खेल विभाग व नगर निगम एवंज न सहयोग से 45वां लोहागढ केसरी दंगल भरतपुर जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी के मुख्य आतिथ्य में लोहागढ स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने की। दंगल के संयोजक चुन्नी कप्तान व अन्य पदाधिकारियों ने जिला कलक्टर को साफा पटका माला व स्मृति चिंह देकर स्वागत किया व कप्तान के अनुरोध पर स्टेडियम में इंटर लॉकिंग का कार्य व कुश्ती के लिए जो संभव होगा उसे करेंगे। मोहित फरीदाबाद लोहागढ केसरी प्रथम - 111000 रू. एक गुर्ज पट्टा, ड्राई फ्रूटस, दीपक नूरपुर भरतपुर लोहागढ केसरी द्वितीय - 51000 रू. एक शील्ड, ड्राई फ्रूट, सतवीर सेह लोहागढ केसरी तृतीय - 15000 रू0 एक शील्ड, रोहित हिसार लोहागढ केसरी चतुर्थ - 10000 रू. एक शील्ड, अनुज हिसार लोहागढ कुमार प्रथम - 51000 रू. एक शील्ड, पट्टा,ड्राई फ्रूट, मनोज परमदरा लोहागढ कुमार द्वितीय - 21000 रू. एक शील्ड व ड्राई फ्रूट, कपिल रोहतक लोहागढ तृतीय - 10000 रू. व एक शील्ड, विवेक होडल लोहागढ चतुर्थ - 5000 रू. व एक शील्ड, पालेन्द्र स्टेडियम लोहागढ किशोर प्रथम - 31000 रू. शील्ड, पट्टा,ड्राई फ्रूट, शिव सिंह मंहगाया लोहागढ किशोर द्वितीय - 10000 रू. व एक शील्ड, संदीप प्रजापत भीलवाडा लोहागढ किशोर तृतीय - 5000 रू. व एक शील्ड, लखन परमदरा लोहागढ किशोर चतुर्थ - 3000 रू. व एक शील्ड,. मनीष सेनी डीग लोहागए बसंत प्रथम - 21000 रू0 शील्ड, पट्टा,ड्राई फ्रूट, कुन्नु स्टेडियम लोहागढ बसंत द्वितीय - 10000 रू. व एक शील्ड, निशांत होडल लोहागढ बसंत तृतीय - 3000 रू. व एक शील्ड, दिनेश इकरन लोहागढ बसंत चतुर्थ - 2000 रू.एक शील्ड, स्पेशल कुश्तियों में अभिषेक परमदरा देवा स्टेडियम तिलक परमदरा अजय दीपक सौरभ दमनजघीना गौरव मलाह तरूण डीग रहे। निर्णायक का कार्य कुश्ती कोच सत्य प्रकाश, तेजेन्द्र लाला, गंगा सिंह गुर्जर, गोतम सिंह, नरेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, वीर सिंह,टिंकू खान, अर्जुन सिंह, भरत चौधरी ने किया। अतिथियों का स्वागत लाखन पहलवान, दलवीर हाथी, जगत धरसोनी, चन्द्रवीर, बाबू सिंह रेंजर, जगदीश सिंह ने किया। छंगल का संचालन भूरी सिंह व्यायामशाला के संचालक व कुश्ती संघ के महासचिव चुन्नी कप्तान ने किया।

सार-समाचार

जीवनोपयोगी गांठों का प्रशिक्षण

करौली,। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वावधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित राज्य पुरस्कार राष्ट्रपति अवार्ड प्रशिक्षण शिविर में स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर को जीवन उपयोगी गांठों का प्रशिक्षण दिया गया। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 20 से 24 मार्च तक आयोजित इस शिविर में रविवार को गांठों का अभ्यास कराया गया। शिविर संचालक प्रेमराज मीना एवं सहायक संचालक तेजस गिरी गोस्वामी ने प्रशिक्षण दिया। रोवर केशव शर्मा, दुर्गेश बेनीवाल, राहुल बेनीवाल, सूरज गुर्जर ने सहयोग किया। प्राथमिक सहायता, नियम-प्रतिज्ञा, सलामी, राष्ट्रगान, ध्वज शिष्टाचार, दिशा ज्ञान आदि का प्रशिक्षण मिथिलेश चतुर्वेदी एवं अन्य स्टाफ द्वारा दिया गया। विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित हुई। सीओ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि जल है तो कल है और जल संरक्षण की अपील की। प्रतिभागियों ने भी जल के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की।

सोगरिया मथुरा स्पेशल ट्रेन शुरू

बयाना भरतपुर (निस)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने सोगरिया और मथुरा के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन से शुरू होगी और सप्ताह में दो दिन रविवार और गुरुवार दोनों दिशाओं में कुल 7-7 फेरे लगाएगी। गाड़ी संख्या 02921 सोगरिया से सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर मथुरा पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 02922 मथुरा से शाम 5 बजकर 10 मिनट पर चलकर रात 10 बजकर 50 मिनट पर सोगरिया पहुंचेगी। यह ट्रेन इंद्रगढ़, सवाई माधोपुर, गंगापुर, महावीर, हिंडौन, बयाना और भरतपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। खास बात यह है कि बयाना स्टेशन को भी इसमें शामिल किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। 22 डिब्बों वाली इस ट्रेन में सामान्य, स्लीपर और एसी श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे हर वर्ग के यात्रियों को राहत मिलेगी।

दर्शनों को उमड़ा जन सैलाब

गंगापुर सिटी । पार्वती (गौरी) की आराधना का पर्व गणगौर शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों से गणगौर की भव्य सवारी निकाली गई। इसमें नगर परिषद के पार्षद और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। यह सवारी शनिवार शाम करीब 5.30 बजे पुरानी नगर पालिका भवन स्थित बद्रीनाथजी मंदिर से बैंडबाजों के साथ रवाना हुई। यह बैंक ऑफ बड़ौदा, खारी बाजार, चौपड़, घासमंडी, पटवा मार्केट और चूलीगेट से होते हुए वापस बद्रीनाथजी मंदिर पर समाप्त हुई। सवारी के दौरान बैंडबाजों की धुन पर उत्साही युवक नाचते हुए चल रहे थे। मार्ग में कई स्थानों पर गणगौर की सवारी का भव्य स्वागत किया गया। इस सवारी में उपखंड अधिकारी (एसडीएम) विजेंद्र मीणा, पार्षद शिवहरी मीणा, सुरेंद्र विजयवर्गीय, जगदीश गिरी, गोपाल धामोनिया, मनमोहन दुबे, राहुल कौशल, लालाराम, जुगल किशोर, अशोक शर्मा, अरविंद डिसिल्वा, घनश्याम रावत और नितेश मोदी सहित कई जनप्रतिनिधि तथा नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व घरों में भी गणगौर का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। विवाहित महिलाओं ने अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए कामना की, जबकि अविवाहित कन्याओं ने अच्छे वर की प्राप्ति हेतु पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने गणगौर की कथाएं सुनीं और विधि-विधान से पूजन किया। शाम को महिलाओं ने गणगौर को जल अर्पित किया और बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लेकर उन्हें सुहाग